हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री


2 रामनवमीं पर कर्मा नर्तक दल के साथ निकली श्रीराम प्रभु की शोभायात्रा





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## बाद में फोटो कॉपी करा कर लिया इम्तिहान, 2 घंटे यांत्रिक बैठे रहे छात्र-छात्रा

# परीक्षा में लापरवाही, बांट दिया पुराने पाठ्यक्रम का प्रश्न पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अग्रणी ठाकुर छेदी लाल बैरिष्टर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन घंटा के पेपर को पांच घंटा में पूरा कराया गया। दरअसल बीएससी द्वितीय वर्ष के अंग्रेजी पेपर के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई,जिसमे न्यू कोर्स के छात्र छात्राओं को ओल्ड कोर्स का पेपर वितरण कर दिया गया। परीक्षार्थियों द्वारा पेपर आउट ऑफ़ कोर्स कहने पर कॉलेज प्रबंधन ने फोटो कॉपी कर 197 परीक्षार्थियों को 2 घंटा बिलम्ब से पेपर बाँटा।

सोमवार 7 अप्रैल कोस्व नन्द कुमार पटेल विश्व विद्यालय के अंतर्गत आने वाले टीसीएल महाविद्यालय में सुबह 7 से 10 बजे तक बीएससी सेकण्ड ईयर का इंग्लिश विषय का परीक्षा तय था।निर्धारित समय में सभी परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में उपस्थित हो गए और तय समय में पेपर का बंडल खोल कर बाँट दिया गया, लेकिन इस दौरान प्रश्न पत्र देख कर परीक्षार्थियों के पैरों तले जमीन खिसक गई। प्रश्न पत्र देखने के बाद बीएससी न्यू कोर्स वाले परीक्षार्थियों मैं एक-एक करके अपनी आपत्ति जाहिर की।



परीक्षा के बाद निकलते विद्यार्थी।

उन्होंने प्रश्न पत्र को आउट ऑफ़ कोर्स कहते हुए परीक्षार्थियों ने आपत्ति दर्ज कराई। इसको लेकर पर्यवेक्षक भी चकित रह गए। प्रश्न पत्र का परीक्षण करने पर बीएससी न्यू कोर्स के स्थान पर बीएससी ओल्ड कोर्स के प्रश्न पत्र बाँटना पाया गया, और इस त्रुटि की जानकारी विश्व विद्यालय प्रशासन को दी गई, बताया जाता है कि ऐसे 197 परीक्षार्थी थे जिन्हें न्यू की जगह ओल्ड कोर्स का प्रश्न पत्र मिला था। इसके बाद सभी छात्र छात्राओं को फोटो कॉपी प्रश्न पत्र बाँटा गया, इसके उपरांत परीक्षा संपन्न हुई। इस पूरी प्रक्रिया में 2 घंटे का समय बीत गया, जिसके कारण परीक्षा का समय 9 से 12 बजे तक किया गया। ऐसे में सुबह 7 बजे परीक्षा दिलाने गए परीक्षार्थी पांच घंटा तक परीक्षा हाल में बैठे रहे। इधरमहाविद्यालय के परीक्षा में गलत प्रश्न पत्र वितरण होने के मामले में कॉलेज के प्राचार्य और केंद्रध्यक्ष ने इसे अपनी गलती नहीं होने का दावा किया, बल्कि इस तरह की गलती स्व नन्द कुमार पटेल विश्व विद्यालय के सभी बीएससी द्वितीय वर्ष की परीक्षा वाले महाविद्यालय में होने का दावा किया, और प्रिंटिंग प्रेस से प्रश्न पत्र के पेकिंग के दौरान गलती होने की बात की, इस मामले के सामने आने के बाद विश्व विद्यालय प्रबंधन के दिशा निर्देश पर परीक्षा लेने का दावा किया।

### बोनस अंक की हो रही मांग

महाविद्यालय की परीक्षा में प्रश्न पत्र वितरण के दौरान आई लापरवाही से विद्यार्थियों में आक्रोश दिखा और उन्होंने बोनस अंक देने की मांग भी की। बीएससी द्वितीय वर्ष के प्रश्न पत्र में आई गड़बड़ी से एक बड़ी लापरवाही सामने आई है, और लापरवाही कहा से हुई, इसकी जाँच की मांग की जा रही है। अब देखना यह है कि कब तक जांच पूरी हो पाएगी।

### पैकिंग में ही गलती

विश्वविद्यालय प्रबंधन से जो प्रश्न पत्र का बंडल प्राप्त हुआ था, उसे वितरण किया गया है। देखने के बाद न्यू की जगह ओल्ड कोर्स वाले प्रश्न पत्र की जानकारी मिली। संभवत प्रिंटिंग प्रेस में होने वाली पैकिंग के दौरान या गलती हुई होगी। वहां से जैसा मिला था, हमने बटवाया था। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रबंधन को दे दिए। फिर फोटो कॉपी करा कर परीक्षा संपन्न कराई गई।

-आर एस भगत,
केन्द्राध्यक्ष

## राशि लेने के बाद भी चावल, शक्कर का वितरण नहीं, जांच में पहुंचे अफसर

### बलौदा क्षेत्र के लेवई, नवापारा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा क्षेत्र के कई गांवों में राशि लेने के बाद भी पीडीएस के तहत चावल, शक्कर का वितरण नहीं किया जा रहा है। इस बात की शिकायत ग्रामीणों द्वारा खाद्य विभाग से अफसरों से की गई थी, जिसके बाद अफसर जांच में पहुंचे। वहीं हितग्राहियों का बयान भी लिया गया।

गौरतलब है कि बलौदा के नवापारा ख, लेवई और डोगी पेंडरी ग्राम पंचायत में पीडीएस का संचालन करने वाले समूह के द्वारा चावल और शक्कर देने में अनियमितता बरती जा रही है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने खाद्य अधिकारी से की। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर खाद्य अधिकारी अनिरुद्ध तिवारी के द्वारा सोमवार 7 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से लेकर 5 बजे तक लोगों की शिकायत सुनते रहे। नवापारा ग्राम पंचायत अंतर्गत तीन गांव आते हैं नवापारा ख तथा लेवई डोंगी पेंडरी आश्रित ग्राम पंचायत है। यहां आरती ता समूह के द्वारा पीडीएस का संचालन किया जा ग्रामीणों ने बताया कि स्व सहायता समूह का संचालन करने वाली महिलाओं के स्थान पर समूह अध्यक्ष पति के द्वारा चावल का वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि उन्हें चावल 3 महीने में



जांच करते अफसर।

एक बार मिलता है और शक्कर रुपए लेकर भी नहीं दिया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि मार्च में चावल नहीं दिया गया था और उन्हें शक्कर भी नहीं दिया गया था और इसलिए उन्होंने खाद्य अधिकारी से इसकी शिकायत की है।

बलौदा के नवापारा ख, लेवई और डोगी पेंडरी ग्राम पंचायत में पीडीएस का संचालन करने वाले समूह के द्वारा चावल और शक्कर देने में अनियमितता बरती जा रही है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने खाद्य अधिकारी से की। ग्रामीणों ने बताया कि नवापारा ग्राम पंचायत अंतर्गत तीन गांव आते हैं नवापारा ख तथा लेवई डोंगी पेंडरी आश्रित ग्राम पंचायत है। यहां आरती स्व सहायता समूह के द्वारा पीडीएस का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि स्व सहायता समूह का संचालन करने वाली महिलाओं के स्थान पर समूह अध्यक्ष द्वारा चावल का वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि उन्हें चावल 3 महीने में एक बार मिलता है और शक्कर रुपए देने के बाद भी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पीडीएस दुकान में शक्कर की कीमत 17 रुपए है, जबकि पीडीएस संचालनकर्ता पति द्वारा 20 रुपए की राशि ली जाती और इसके बाद भी शक्कर भी नहीं दिया जाता। इस पूरे मामले को लेकर खाद्य अधिकारी अनिरूद्ध तिवारी द्वारा जांच की जा रही है। वहीं हितग्राहियों के बयान भी लिए जा रहे है। जांच पडताल के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल जाएगा। हालांकि अफसर मामले की जांच कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### नरेगा श्रमिकों को बढ़ी मजदूरी

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से गुड गवर्नेंस गतिविधि के तहत गांव-गांव में रोजगार दिवस मनाया गया। इसके माध्यम से जॉब कार्डधारी परिवारों, ग्रामीणों की जॉब कार्ड, मजदूरी आदि को लेकर विभिन्न गतिविधियों का संचालन करते हुए मौके पर समाधान किया गया। इसके अलावा मनरेगा के दिशा-निर्देशों के साथ सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों से अवगत कराया गया। अप्रैल से मनरेगा की बढ़ी हुई 261 रुपए के बारे में जानकारी दी गई। जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम बेलटुकरी, बिरकोनी, जावलपुर, हरदीविशाल, कुरदा, कंडरा, महुदा ब में रोजगार दिवस मनाया गया। रोजगार दिवस के दौरान उपस्थित जॉब कार्डधारी परिवारों, ग्रामीणों को मनरेगा के दिशा-निर्देशों के साथ ही महिलाओं को मातृत्व भत्ता, श्रम कार्ड, मजदूरी दर, गोदी की जानकारी, आधार मैपिंग के संबंध में बताया गया। रोजगार सहायकों ने एक्ट में वर्णित प्रावधानों व अधिकारों के प्रति श्रमिकों को जागरूक करना, योजना में हुये नवीन संशोधनों, परिवार रोजगार कार्ड में नये सदस्यों के नाम जोड़ने, आवेदन प्राप्त करने, मजदूरी भुगतान, लंबित भुगतान सहित मनरेगा के तहत सूचना शिक्षा संचार गतिविधि के रूप में रोजगार दिवस का संचालन करने की जानकारी दी गई।

### आज से 22 तक पोषण पखवाड़ा का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा समस्त विभाग प्रमुखों को पोषण पखवाड़ा के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन महिला एवं बाल विकास के साथ समन्वय करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसे सुचारू एवं परिणाम मूलक आयोजन में जनप्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्था, सार्वजनिक संस्थाओं, एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व सहायता समूह, महिला मंडली, नेहरू युवा केन्द्र राष्ट्रीय सेवा योजना की सक्रिया भागीदारी से किया जाएगा।

### उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन 17 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर तहसील अकलतरा एवं बलौदा द्वारा विकासखंड अकलतरा अंतर्गत नगर पालिका परिषद अकलतरा के वार्ड क्रमांक 7-08 एवं वार्ड क्रमांक 9-10 में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके लिए 17 अप्रैल शाम 5 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) जांजगीर में आवेदन किया जा सकता है।

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 20 को

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास बालक, कन्या आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं की परीक्षा में प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जावेगा। उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिये प्रवेश पत्र ऑनलाईन प्रयास के पोटर्ल पर क्लिक करके 20 अप्रैल तक डाउनलोड कर सकते है।

## तीन दिनों से माइनर का गेट बंद, हजारों एकड़ की फसल में नहीं जा रहा पानी



रात को माइनर गेट खुलवाने पहुंचे अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत तुलसी, खपराडीह क्षेत्र के हजारों एकड़ की फसल मुरझाने लगी है। दरअसल

- तुलसी, खपराडीह क्षेत्र के किसानों की बढ़ी परेशानी

खपराडीह, तलसी माईनर को तीन दिनों से बंद कर दिया गया है। जिसके कारण इस शाखा नहर में बूंद भर पानी भी नहीं जा रहा है। इधर किसान गेट खोलने की मांग कर रहे है, लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिल रहा है।

हसदेव बांगो नहर से पानी मिलने पर जिले के नवागढ़, अकलतरा, पामगढ़, बलौदा और बम्हनीडीह क्षेत्र में बडे पैमाने पर ग्रीष्मकालीन फसल लगाई गई है। रबी फसल में सर्वाधिक खेती जिले के नवागढ़ ब्लाक के गांवों में हुई है। वर्तमान में किसानों की फसल में बालियां आने को कोई। ऐन मौके पर नहर की धार कम होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। सर्वाधिक परेशान किरीत के आगे खपराडीह और तुलसी के किसान है। यहां खपराडीह माईनर को तीन दिनों से बंद कर दिया गया है। मुख्य शाखा का गेट बंद होने से माईनर में बूंद भर भी पानी नहीं जा रहा है। ऐसे में तुलसी और खपराडीह के हजारों एकड़ की फसल मुरझाने लगी है। इसको लेकर किसान लगातार सिंचाई विभाग के अफसरों से संपर्क कर रहे है, लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ और नहीं मिल रहा है।

ऐसे निरीक्षण का क्या औचित्य

जिले में ग्रीष्मकालीन फसल की सिंचाई को लेकर हो रही समस्या मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन द्वारा जल संसाधन विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। इसको लेकर मुख्यालय से लेकर अनुविभाग के अधिकारी आधी रात को दौरा करना बताकर फोटो भी प्रचारित कर रहे है। राछांभाठा और मिसदा में बीती रात ही अफसरों की टीम निरीक्षण करने पहुंची थी। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि रेस्ट हाउस में फोटो खींचवाने वाले अमले को तीन दिनों से बंद माईनर का गेट और वहां परेशान होते किसान कैसे नजर नहीं आए।

### खुलवाए है गेट

खपराडीह माईनर में गेट बंद होने की सूचना आपके माध्यम से मिलते ही तत्काल मैदानी अमले को भेजकर गेट खोलने बोले थे। अभी रात में ही टीम पहुंचकर गेट खोली है। सिंचाई की समस्या नहीं होगी। लगातार निरीक्षण कर रहे है।

-सुधीर सुखेदव,
एसडीओ
सिंचाई विभाग जांजगीर

## विरोध प्रदर्शन...




**जांजगीर-चांपा।** शासकीय करण की मांग को लेकर ग्राम पंचायतों के सचिव लंबे समय से आंदोलन कर रहे है। जिसके चलते काम प्रभावित हो रहा है। वहीं पंचायत सचिव सोमवार को जिला मुख्यालय में रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### भारी वाहन चलने से बलौदा जांजगीर मार्ग में धुल का गुबार

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा से जांजगीर तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढों के चलते सड़क जर्जर हो चुकी है। बलौदा से जावलपुर, जर्वे, सिवनी में बड़े-बड़े गड्ढे में डस्ट भरा गया है। लेकिन वाहनों के चलने से राहगीरों को चलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बलौदा से जांजगीर पहुंच मार्ग अति व्यवस्तम मार्ग है। जिससे होकर लोग आना जाना करते हैं, लेकिन जब भी इस मार्ग में चलो, चंद मिनट की दूरी के सफर के लिए घंटों लग जाते हैं। यह मार्ग बिलासपुर- रायगढ़ को जोड़ता है, जहां से होकर विशालकाय गाड़ियां गुजरती है। सड़क पर कार्य के दौरान वातावरण प्रदूषित न हो इसलिए शासन द्वारा प्रतिदिन पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए।

## नौकरी लगाने के नाम पर 50 हजार की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नौकरी लगाने के नाम पर अलग अलग लोगों से 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पंतोरा चौकी अंतर्गत अंगारखार का है।

इस संबंध में पंतोरा चौकी से मिली जानकारी के अनुसार पंतोरा निवासी अविनाश कुमार साहू उम्र



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

25 वर्ष द्वारा शनिलाल यादव सहित अन्य लोगों को कलिंग कोल माइंस कुसमुंडा कोरबा में नौकरी लगाने के नाम पर 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई। रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। धोखाधड़ी जैसे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में एवं एएसपी उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन चौकी पंतोरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी अभिनाश उर्फ अविनाश कुमार साहू उम्र 25 साल निवासी पंतोरा सिचाई कॉलोनी पंतोरा थाना बलौदा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से 7 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी पंतोरा उपनिरी दिलीप सिंह एवं चौकी स्टाफ का योगदान रहा।

### 1 साल में पूरा करना था कार्य, 25 माह बाद भी नहीं बना सके सड़क

# गौरव पथ निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी, ठेकेदार को थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

नगर पंचायत डभरा में 10 करोड़ की लागत से गौरव पथ निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमितता बरती गई है। जिसके चलते उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

विदित हो कि नगर पंचायत डभरा के थाना चौक से शासकीय महाविद्यालय मोड़ तक गौरव पथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए 9.98 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी। उक्त निर्माण कार्य को मेसर्स श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी बाराद्वार जिला सक्ती के द्वारा करवाया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा



गौरव पथ पर उखड़ने लगी गिट्टी।

घोर लापरवाही एवं गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है। सीसी रोड का निर्माण खुदाई किये बगैर एवं जेएसबी डाले बगैर टॉप को मैनुअल रूप से निर्माण किया जा रहा है। भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष के द्वारा शासन प्रशासन से ठेकेदार के विरुद्ध शिकायत किया गया था जिस पर नगरीय निकाय विभाग ने जांच की कार्यवाही की थी। शिकायत के आधार पर नगरीय निकाय विभाग के द्वारा निर्माणाधीन गौरव पथ का सेम्पल लेकर नगरीय निकाय विभाग के कार्यपालन अभियंता नगरीय प्रशासन एवं विकास के लैब में कोर सेम्पल को चेक किया गया। जिसमें सड़क निर्माण को फैल कर दिया गया और निर्माणाधीन गौरव पथ को मापदंड के अनुरूप नही होना करार दिया गया, उसके बाद कोर सेम्पल लेकर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर के लैब में भी चेक करवाया गया वहां भी फैल हो गया और गौरव पथ निर्माण मापदंड के अनुरूप नहीं होना पाया गया। भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष के द्वारा इसकी लिखित प्रमाणिक शिकायत जिला सक्ति के कलेक्टर, नगरीय निकाय बिलासपुर के संयुक्त संचालक, संचालक नगरीय निकाय रायपुर, सचिव नगरीय निकाय रायपुर, नगरीय निकाय मंत्री छ ग शासन, प्रभारी मंत्री सक्ति जिला, मुख्यमंत्री छ ग शासन एवं राज्यपाल से की गई है।

### दी गई है नोटिस

गौरव पथ निर्माण कार्य को संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर स्पटीकरण मांगा गया है। सड़क को उखाड़कर फिर से बनाने कहा गया है।

-बी.आर. दिनकर,
सीएमओ
नगर पंचायत डभरा

## कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

8 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब, जुआ एवं गांजा बिकी एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 6 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर ग्राम टेमर के हरि किशन पिता गरीबराम देवांगन के घर में दबिश दी। जहां एक कत्था सफेद रंग के थैला के अंदर सफेद रंग के प्लास्टिक पन्नी में लगभग 5 लीटर एवं एक-एक लीटर वाली 3 बाटल में कुल 8 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 8 सौ रुपए



रखे पकडा गया। जिसे उक्त शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज व लायसेंस हो तो पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया। जिससे उपरोक्त शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी हरि किशन को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में एंथोनी एक्का, जोगेश राठौर, यादराम चन्द्रा एवं लक्ष्मी प्रसाद साहू का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### मां काली मंदिर में महा आरती का किया गया आयोजन



**अकलतरा।** ग्राम परसाही नाला के मां काली मंदिर पारसनाथ धाम में चैत्र नवरात्र पर सातवें दिन मां काली की विशेष श्रृंगार एवं महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां काली मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष तरुण कुमार सिंह और राकेश जायसवाल ने बताया कि दुर्गा सप्तमी को काली मां का विशेष श्रृंगार कर महा आरती का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्रि पर्व के आयोजन में रामनाथ मरावी, अनिल कुमार सिदार, संतोष साहू, अमित कुमार मरकाम, सुरेंद्र कुमार मरकाम, भरत जायसवाल, भानसिंह मरकाम, मानसिंह मरकाम, राजकुमार मरकाम और मां काली मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### नगर पंचायत खरौद के प्रेमेंद्र कुमार विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**खरौद।** पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने नगर पंचायत खरौद में विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई।



विधानसभा पामगढ़ के नगर पंचायत खरौद कांग्रेस नेता प्रेमेंद्र कुमार यादव को विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया एव साथ ही साथ इसके पहले नगर कांग्रेस अध्यक्ष के पद व विभिन्न पद का दायित्व निभा चुके है। नगर पंचायत में आयोजित होने वाले बैठकों एवं अन्य आयोजन में शामिल होंगे। प्रेमेंद्र कुमार यादव को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करने से संगठन को मजबूती व हर्ष का माहौल है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर प्रज्जवलित होंगे संकट निवारण मनोकामना दीप

**जांजगीर-चांपा।** मर्यादा पुरुषोतम श्री रामी के राम नवमी के आगमन के साथ चैत्र पुर्णिमा को राम भक्त



हनुमान का आगमन होगा। इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव दो दिवसीय शुक्रवार 11 अप्रैल एवं शनिवार 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारी की जा रहीं है। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की हनुमान जन्मोत्सव पर इस वर्ष 11 अप्रैल शुक्रवार को शायकाल 7 बजकर 43 मिनट पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा इस वर्ष चैत्र पुर्णिमा 12 अप्रैल शनिवार को है। हनुमान जन्मोत्सव संकट निवारण मनोकामना दीपदान का कार्यक्रम आज से 19 वर्ष पहले आरंभ किया गया था। हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष तीन खन्ड में हनुमान जी को दीपदान दिया जाता है। प्रथम सुन्दरकाण्ड महाज्योति दीपदान में चमेली तेल से दीप जलाकर सुन्दर काण्डके प्रत्येक चौपाई में आहुति के साथ हवन होगा। दुसरा हनुमान चालिसा दीपदान में हनुमान चालिसा के पाठ साथ प्रत्येक दोहा में आहूति देकर हवन होगा। तीसरा संकट निवारण मनोकामना दीपदान, भक्तजन बड़ी संख्या में तीनों खन्डों में अपने नाम से दीपदान करते है। 11 अप्रैल तक संकट निवारण मनोकामना दीपदान किया जा सकता है। प्रति मंगलवार शाय 6:30 बजे सेन्दुराभिषेक 7:00 बजे हनुमान जी की महा आरती 8 बजे से सामूहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ हनुमत भक्तजनों के द्वारा किया जाएगा। दीपदान करने वाले भक्तों के सुविधा के लिए मंगलवार से मंदिर का पट सुबह 8 बजे से 11 बजे तक शाम 3 बजे से 9 बजे तक खुला रहेगा ।

### बच्ची के साथ हुए दुराचार व हत्या के विरोध में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**जांजगीर-चांपा।** छह साल के बच्ची के साथ हुए दुराचार व हत्या के विरोध में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कचहरी चौक में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था के कारण जिला मुख्यालय दुर्ग के मोहन नगर थाना अंतर्गत 6 साल की बच्ची के साथ हुए दुराचार व हत्या के खिलाफ पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार 8 अप्रैल को सायं 5 बजे कचहरी चौक जांजगीर में प्रदेश भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया जाएगा। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी
एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स
बवासीर
भगंदर
पथरी
(बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुडना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

## राममय हुआ शहर, हाथों में जयश्रीराम का ध्वज लिए युवा एवं महिला बड़ी संख्या में हुई शामिल

# रामनवमीं पर कर्मा नर्तक दल के साथ निकली श्रीराम प्रभु की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राम नवमीं के अवसर पर शहर में श्री राम मंदिर नैला से कर्मा नर्तक दल, बैंड पार्टी व लाइव आर्केस्ट्रा के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से पूरा शहर गूंजयायमान होता रहा। शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंची। यहां आतिशबाजी के साथ भगवान श्रीरामचन्द्र जी की शोभा यात्रा का स्वागत भक्तों ने किया। वहीं हनुमान चालिसा का पाठ व हनुमान जी की महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। राम नवमीं को लेकर पूरे शहर को भगवा ध्वज, बैनर पोस्टर से सजाया गया था।

राम नवमीं के अवसर पर रविवार 6 अप्रैल को जिला मुख्यालय में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें नगरवासी एवं आसपास गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। नैला स्थित श्री राम मंदिर से भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान हाथों में जय श्री राम का ध्वज लिए युवा एवं महिला बड़ी संख्या में शामिल हुई। शोभा यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए नेताजी चौक, कचहरी चौक होते हुए पुराना रेस्ट हाउस के सामने स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। यहां प्रभू श्रीराम एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। वहीं हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया व शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में नगरवासी बड़ी में शामिल हुए। शोभा यात्रा



शोभा यात्रा में शामिल नगरवासी।

का मार्ग में अनेक जगहों पर पटाखे फोड़कर तथा शीतल पेय से नगरवासियों ने स्वागत किया। इसके अलावा शोभा यात्रा के मार्ग में आने वाले अनेक घरों के सामने महिलाओं ने रंगोली बनाकर तथा दीप जलाकर रामभक्तों का सम्मान किया। शोभा यात्रा में शामिल पुरुष पीले रंग के ड्रेस में थे। वहीं महिलाएं लाल, नारंगी या पील रंग की परिधान एवं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुई। इस बार महिलाओं के कर्मा नर्तक दल के 35 महिलाएं अपनी प्रस्तुति दे रही थी। वहीं श्रीराम के रथ के पीछे में महिलाएं एवं पुरुष चल रहे थे। रथ के दोनों तरफ झूमर वाली लाइट नजर आ रही थी। शोभा यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण लाइव भजन आर्केस्ट्रा रहा। आर्केस्ट्रा का दल खुली ट्राली में भजन गाते हुए शोभायात्रा के साथ-साथ चल रही थी। आर्केस्ट्रा के पीछे शोभायात्रा में सभी पुरूष वर्ग धोती कुर्ता या कुर्ता पायजामा के साथ शामिल हुए। वहीं पीछे कोरबा की राज बैंड पार्टी चल रही थी, जिसमें श्री राम जी से संबंधित भजन ,गीत के साथ शोभायात्रा में शामिल भक्तजन, भक्ति भाव के साथ नृत्य कर रहे थे। शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए हिन्दू धर्म के लोगों द्वारा पिछले पंद्रह दिनों से लगातार बैठक आयोजित की रुपरेखा तैयार की जा रही थी। वहीं बैठक में उपस्थित सभी लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं भगवा बनाने शहर के कचहरी चौक से लेकर नेताजी चौक होते हुए नैला श्रीराम मंदिर तक तोरण एवं झण्ड़े लगाकर सजाया गया था। शोभा यात्रा में छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, इंजी रवि पांडेय, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, विवेकानंद स्कुल के संचालक मनोज पांडेय सहित विभिन्न समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर फगुरम में युवाओं ने निकाली रैली

**फगुरम।** रामनवमी के अवसर पर ग्राम पंचायत फगुरम में युवाओं के द्वारा भव्य रैली निकाली गई। जिसमें उप सरपंच विनोद पांडेय एवं पूर्व सरपंच संतोष टंडन एवं जीवन टंडन , महेंद्रा टंडन वार्ड पंच,नरेंद्र वर्मा ,योगेश राठौर , भानु प्रताप गवेल कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष शक्ति , लालु यादव, सिध्दांत पांडे,राहुल , लोकेश ,धनंजय , प्रकाश , लोक नाथ , छोटु राठौर, परमेश्वर, अमन, सोनु, निखिल, अनिल, शिवा साथ समस्त ग्राम वासियों गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे।

### भगवान श्रीराम प्राकट्योत्सव पर निकाली झांकी

**राहौद।** नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र के प्राकट्योत्सव पर भव्य शोभायात्रा यात्रा का आयोजन रविवार को किया गया। इस रामनवमीं के पावन अवसर पर मनोरम पंचवटी की जीवंत झांकी स्वरूप नगर में श्रीराम भक्तों ने शोभायात्रा निकालकर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को मनाया। पंचवटी की मनोरम झांकी की ने पूरा नगर राममय हो गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, सीता माता और लक्ष्मण की बाल स्वरूप पंचवटी में बैठकर श्रीराम जानकी- मंदिर से शोभायात्रा यात्रा नगर के लिए प्रस्थान किया। भगवान श्रीराम के प्राकट्योत्सव पर श्रीराम भक्तों ने डीजे- बाजा में भक्तिमय वातावरण में नृत्य करते हुए शोभायात्रा को आगे बढ़ाया। जैसे- जैसे शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए आगे बढ़ते गया भक्तों की कारवां बढ़ती जा रही थी। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, सीता माता व लक्ष्मण की दर्शन पाने



माताओं ने आरती सजाकर अपने घरों के सामने इंतजार कर रहे थे। धीरे-धीरे शोभायात्रा सुभाष नगर से मुख्य के मुख्य मार्ग में पहुंची जहां व्यापारीयों ने आतिशबाजी करते हुए फुलझड़ी जलाकर भगवान श्रीराम का स्वागत, पूजा -अर्चना किया। वहीं युवा, बुजुर्ग सभी ने श्रीराम के प्राकट्योत्सव पर सराबोर दिख रहे थे। भगवान राम के भक्त भगवा वेशभूषा में उमंग और उत्साह के साथ शोभायात्रा के दौरान जमकर नृत्य करते रहे। शोभायात्रा विभिन्न चौक - चौराहों से गुजरकर मां गादीदाई मंदिर पहुंची जहां बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने भगवान राम, सीता माता व लक्ष्मण का आरती किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का विश्राम किया। शोभायात्रा में विष्णु प्रसाद शुक्ला, धीरेंद्र नाथ योगी, ऋषभ नाथ योगी, विकास अग्रवाल, अनिल गुप्ता, रामायण कश्यप,दीपक कश्यप,पार्षद अमित अनंत, पार्षद संतोष यादव, पूर्व पार्षद विमल मनहर, हर्षराज पटेल, बल्ला पटेल ,शर्मा,अमन गोंड, अनमोल योगी, युवराज योगी, राहुल कश्यप, प्रशांत कश्यप, नितेश कुमार, प्रांशु गुप्ता, विशाल चंदेल,रोमी साहू,भूपेश केवट, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए

## केशरवानी समाज ने रामनवमीं पर निकाली शोभा यात्रा

**देवरी - सारागांव।** नगर पंचायत सारागांव में रामनवमी के अवसर पर केशरवानी समाज द्वारा रविवार 6 मार्च को रैली का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और नगर में भक्ति व श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। रैली



की शुरुआत नगर के बजरंगबली मंदिर से की गई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। इसके बाद रैली बस स्टैंड, बीडीएम स्कूल सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। पूरे नगर में भक्तिमय गीतों और जय श्रीराम के नारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु केसरिया ध्वज लिए बड़े उत्साह से इस आयोजन में सम्मिलित हुए। रैली के समापन के पश्चात समाज द्वारा प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर कैलाश केशरवानी, कालेश्वर केशरवानी, कृष्ण कुमार केशरवानी, साकेत केशरवानी, गोविंद केशरवानी, बीरेंद्र केशरवानी सहित समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। समाज के इस आयोजन ने नगरवासियों में धार्मिक उत्साह को बढ़ाया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। रामनवमी पर्व के इस आयोजन से नगर में भक्ति और सौहार्द्र का वातावरण बना रहा।

## भगावन राम का अवतार आदर्श चरित्र एवं संस्कार से मानव समाज को शिक्षा देना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

रामनवमी के अवसर पर 6 अप्रैल को महामाया अध्यात्म परिषद का रविवारीय मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग महिला मण्डली द्वारा माता सेवा के भजन से प्रारम्भ किया गया।

सत्संग कार्यक्रम में हेमलाल यादव ने कहा कि काशी में जैसे विश्वेश्वर महादेव के रूप में साक्षात शिवजी विराजमान है वैसे ही लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद में लक्ष्मणेश्वर शिवलिंग के रूप में भगवान शिव विराजमान है। इसीलिए खरौद को छत्तीसगढ़ का काशी कहा जाता है।



सत्संग में भजन कीर्तन करते श्रद्धालु।

मान्यता है कि एक लक्ष्मणेश्वर शिवलिंग का पूजन अभिषेक करने से एक लाख शिवलिंग के पूजा करने का और ब्रम्हहत्या जैसे पाप से मुक्त होने का फल प्राप्त होता है।श्री लक्षलिंग समेत शोभित जयति जय लक्ष्मणेश्वरं। कार्यक्रम को परिषद के अध्यक्ष शिवरात्री यादव ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम चन्द्रजी केवल रावण का बध करने के लिए अवतार नही लिये थे। बल्कि अपने आदर्श चरित्र एवं संस्कार से मानव समाज को शिक्षा भी देना था। प्रभुश्रीरंचन्द्रजी ने भी शक्ति की उपासना किये थे । शक्ति की उपासना अर्थात नारी की सम्मान करना। कार्य क्रम को सफल बनाने में धनसाय यादव रविशंकर यादव कपील आदित्य सरहाराम बैगा सुमित्रा आदित्य रमा नर्मदाबाई रामकली छठबाई श्यामा बाई जानकी,सीता,गौरी यादव चन्द्रप्रभा यादव तिरवेनी शांतिदेवी श्रीवास आदि का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## बैठक में जीपीएफ एवं क्रमोन्नत वेतनमान पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बिर्रा में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन संकुल -बिर्रा की बैठक 7 अप्रैल सोमवार

- **छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन संकुल बिर्रा की हुई बैठक**

को हुई। इस बैठक में स्थानीय समस्या, जीपीएफ पासबुक एंट्री एवं क्रमोन्नत वेतनमान को लेकर वर्तमान स्थिति एवं आगे की रणनीति पर चर्चा की गई।

संकुल स्त्रोत केंद्र बिर्रा में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार राठौर, प्रांतीय संगठन मंत्री छबि पटेल,ब्लॉक अध्यक्ष संजय चौहान जिला कार्यकारिणी सदस्य खेम लाल धीवर उपस्थित थे। बैठक में टीम बिर्रा द्वारा साल एवं बुके देकर जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार राठौर का सम्मान किया गया। यह सम्मान संगठन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं क्रमोन्नत वेतनमान के लिए सतत संघर्ष के लिए किया गया। बैठक में जीपीएफ



बैठक में उपस्थित फेडरेशन के पदाधिकारी एवं शिक्षक।

पासबुक को एंट्री को लेकर खमेलाल धीवर द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने अपने जीएफ बुक को दिखाया, साथ ही साथ कैसे भरना है और कैसे इसका ऑनलाइन विस्तृत जानकारी निकालना है सभी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात संगठन मंत्री छबि पटेल द्वारा संगठन के सतत प्रयासरत उल्लेखनीयकारियों की जानकारी उपस्थित सदस्यों को प्रदान किया गया। उसके बाद क्रमोन्नति मुद्दे पर बात रखने के लिए डब्ल्यू ए 261 में पारित निर्णय के संबंध में जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार राठौर द्वारा विस्तार से समझाया गया, जिसमें बताया गया कि किस प्रकार सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी खारिज करवाने के लिए सतत प्रयास टीमवर्क द्वारा संभव हो पाया। उन्होंने बताया गया कि आने वाले समय में शिक्षकों को कैसे इसका लाभ मिलेगा इस पर विस्तृत चर्चा किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री छबि पटेल जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार राठौर, जिला टीम से ख़ेम लाल धीवर, मथुरा मधुकर, प्रमोद कुमार कश्यप, लखन लाल कश्यप, रामकिशोर देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष संजय चौहान, संतराम कश्यप,नोहर राम साहू, शिलाराम संवारा, मनोज देवांगन, प्रकाश नारायण शशि,तुलेश्वर देवांगन, पंचराम कश्यप, चंद्रा सर बोरसी,गोपी तिवारी, एकादशीया खुटे एवं बड़ी संख्या में बिर्रा के शिक्षकगण उपस्थित थे।

### तनौद में नवरात्र पर उमड़ा भक्तों का रेला



**तनौद।** नवरात्र पर्व के अवसर पर प्रथम तिथि से नवमी तिथि तक ग्राम पंचायत तनौद की आदि शक्ति मां महामाया मंदिर, ग्राम में ठाकुर देव, मां चंडीदाई गुड़ी स्थिति माहामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिला। मां चंडी दाईं महामाया देवी दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्त घंटों कतार में खड़े नजर आए। सप्तमी अष्टमी तिथि को कई श्रद्धालु लोट मारते माता के दर्शन करने पहुंचे। मंदिर प्रांगण में हवन-यज्ञ, पूजन के साथ नवरात्र पर्व का समापन हुआ। मंदिर प्रबंध समिति बैगा सुलसिंग नेतु ने बताया की सुबह से ही भक्तों का आना शुरु हो गया था। अष्टमी तिथि को सभी मंदिरों में विधि विधान से माता का पूजा हुआ। तनौद के अन्य प्रमुख मंदिरों में मां माहामाया मन्दिर भी भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। हर ओर भक्ति के गीत, मंत्रोच्चार और माता रानी के जयकारों से माहौल गूंज रहा था।

// ईश्तहार //
क्रमांक / / तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 02/04/2025
रा.प्र.क्र 202504065500005/ब-121
ग्राम - मेहँदी प.ह.न.

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक करण पिता लखराम जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम मेहँदी थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की अपने पिता लखराम पिता बिरिछराम का मृत्यु दिनांक 24/01/1999 को ग्राम मेहँदी पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम मेहँदी में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/04/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 02/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार अड़भार**
**जिला सक्ती छ.ग.**
रा.प्र.क्र. 04/अ-19(3)/2024-25
ग्राम-अड़भार तहसील अड़भार
जिला सक्ती छ.ग.
**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम अड़भार को सूचित किया जाता है कि श्री हीरामणी वर्मा अध्यक्ष छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ शाखा अड़भार को भूमि आबंटन हेतु ग्राम अड़भार स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 268/1 में से रकबा 0.12 एकड़ भूमि शासकीय भूमि हस्तांतरण हेतु प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. मालखरौदा जिला सक्ती छ.ग. से प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति हो, तो वह अपना आपत्ति निर्धारित पेशी दिनांक 23/04/2025 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। बाद में किये गये दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर लगाकर ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**अड़भार**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh
Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुंह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

7-APRIL- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/7/2025 8:17 PM Page 1





# अजय देवगन की वजह से फ्लॉप हुई 'भेड़िया'...

**मुंबई।** रोमांटिक और कॉमेडी जॉनर की फिल्मों में वरुण धवन पसंद किए जाते हैं। बॉलीवुड की ज्यादातर एक्ट्रेस के साथ उन्होंने बतौर लीड एक्टर काम किया है। साल 2022 में उनकी एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसका नाम भेड़िया था और इसमें उनके साथ बी टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन भी नजर आईं। खैर, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। अब इसके डायरेक्टर ने इसके असफल होने पर खुलकर बात की है। कोमल नाहटा के पॉडकास्ट 'गेम चेंजर्स' में स्त्री जैसी हिट फिल्म देने वाले डायरेक्टर अमर कौशिक नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपनी कुछ सफल और असफल फिल्मों पर बात की।

लाइफ Style



# प्रियंका

## हाथ लगी साउथ की एक और मूवी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा।

प्रियंका चोपड़ा लंबे समय से हॉलीवुड में काम कर रही थीं। बॉलीवुड के फैंस उनका हिंदी फिल्म में काम करने का इंतजार कर रहे थे। फिलहाल वो साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म में महेश बाबू संग काम कर रही हैं। अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि मेकर्स एक और हाई-प्रोफाइल बॉलीवुड स्टार पर विचार कर रहे हैं। एटली पहले सलमान खान के साथ एक फिल्म का निर्देशन करने वाले थे, लेकिन ये प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है। चर्चा है कि एक बॉलीवुड एक्ट्रेस इसमें कदम रखेगी। लेट्स सिनेमा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा को इस प्रोजेक्ट के लिए फीमेल लीड के रोल में माना जा रहा है। अभी इसका नाम 'पैरेलल यूनिवर्स' रखा गया है, जो टेम्पेरेरी है। इसमें अल्लू अर्जुन डबल रोल में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक इस पर ऑफशियली कोई बयान नहीं है। प्रियंका चोपड़ा इस समय राजामौली की जंगल एडवेंचर 'एसएसएमबी 29' (नाम तय नहीं) में महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन संग एक्टिंग कर रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# न्यू बेबी को किया वेलकम

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और ऑस्कर विजेता जेनिफर लॉरेंस न सिर्फ अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपने बेबाक अंदाज और सामाजिक मुद्दों पर मुखरता से राय रखने के लिए भी चर्चाओं में रहती हैं। उन्होंने 2019 में कुक मारोनी से शादी की थी, और अब इस कपल ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 31 मार्च को जेनिफर और उनके पति कुक मारोनी को न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पॉट किया गया था।



# टॉम के फिल्म पर उठा पर्दा ...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। टॉम हॉलैंड काफी समय से स्पाइडर-मैन के चौथे पार्ट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फ्रेंचाइजी के दीवाने लंबे समय से मूवी की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे थे। अब महीनों बाद, अभिनेता ने फैंस को फिल्म के टाइटल के साथ-साथ उसकी रिलीज डेट पर भी अपडेट दिया है। आइए जानते हैं कि कब आप अपने पसंदीदा पीटर पार्कर को सिल्वर स्क्रीन पर देख पाएंगे। टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रेंचाइजी अपनी चौथी किस्त के साथ रिलीज के लिए तैयार है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर एक्शन अवतार में वापसी करने वाले हैं। लास वेगास के सिनेमाकॉन में निर्देशक डेस्टिन डैनियल क्रेटन ने बताया कि फिल्म की शूटिंग गर्मी के अंत तक पूरी हो सकती है।



# माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंची ईशा...


**मुंबई।** अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने आज राम नवमी के दिन माता वैष्णो देवी के दर्शन किआ और साथ ही खुद को बहुत भाग्यशाली बताया। नवरात्रि का आखिरी दिन होने के कारण यह मौका खास था। ईशा ने गुलाबी कपड़े और धूप के चश्मे पहने थे, साथ में सुंदर झुमके भी पहने थे। एएनआई से बातचीत के दौरान ईशा ने कहा, हम नवरात्रि के नवमी के दिन यहां आए, यह बहुत सौभाग्य की बात है। आप सभी को माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद मिले। जय माता दी। राम नवमी चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन मनाई जाती है। यह भगवान राम के जन्म का दिन है। इस दिन छोटी लड़कियों को देवी दुर्गा के रूप में देखकर उन्हें उपहार और प्रसाद दिए जाते हैं। राम नवमी के दिन माता वैष्णो देवी मंदिर में बहुत सारे लोग दर्शन करने आते हैं। मंदिर के लिए अच्छी व्यवस्था की गई।



# संभाजी महाराज के बाद जादूगर बने...

**मुंबई।** विक्की कौशल इन दिनों अपने करियर की ऊंचाई पर हैं। हाल ही में आई उनकी ऐतिहासिक फिल्म छावा की सफलता के बाद अब उन्होंने अपनी अगली फिल्म का पहला लुक जारी कर फैंस को चौंका दिया है। इस बार विक्की का अंदाज कुछ अलग और मजेदार होने वाला है। खास बात है कि अभिनेता इस बार जादूगर बनने की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये पोस्टर आते ही वायरल हो गया है और फैंस उनके इस नए अवतार को खूब पसंद कर रहे हैं। पोस्टर में विक्की कौशल हरे रंग की चमकदार ड्रेस में नजर आ रहे हैं, जिससे साफ झलकता है कि वो फिल्म में एक जादूगर का रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर शूजित सिरकार कर रहे हैं, जिन्होंने पीकू और अक्टूबर जैसी शानदार फिल्में बनाई हैं।

## टीवी मसाला



# लोग मुझे फुटबॉल जैसे फेस वाली कहकर बुलाते थे...

**मुंबई।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश इन दिनों रियलिटी शो सेलेब्रिटी मास्टर शेफ में नजर आ रही हैं। जिसको लेकर वो लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनके फैंस अपनी पसंदीदा कलाकार को शो का विनर बनाना चाहते हैं। वहीं दूसरी ओर तेजस्वी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण कुंद्रा के साथ शादी की खबरों को लेकर भी चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस बीच अभिनेत्री ने बॉडी शेमिंग को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ये भी बताया कि कब उन्हें बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा। बातचीत में तेजस्वी प्रकाश ने बॉडी शेमिंग पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मैं हमेशा पतली रही हूं और मुझे ये अजीब लगता है जब लोग किसी के वजन पर या किसी पर शारीरिक टिप्पणी करने को ठीक समझते हैं। जैसे लोग कहते हैं, तुम बहुत पतली हो, या अब तुम स्वस्थ हो। लेकिन अगर किसी का वजन ज्यादा है तो शायद कोई ऐसा नहीं कहेगा।"

## दिलजीत के साथ विल स्मिथ ने जमकर किया भांगड़ा...



**मुंबई।** पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ और अमेरिकी एक्टर विल स्मिथ ने रविवार सुबह अपने फैंस को चौंका दिया। दोनों ने एक अनोखे कोलेबोरेशन से सबको हैरान कर दिया। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार रील शेयर की, जिसमें विल स्मिथ उनके साथ भांगड़ा करते नजर आए। विल स्मिथ ने दिलजीत के डांस स्टेप्स को कॉपी करने की कोशिश की जो देखने में बेहद मजेदार था। इस वीडियो के साथ दिलजीत ने लिखा, पंजाबी आ गए ओये। लिविंग लीजेंड विल स्मिथ के साथ। किंग विल स्मिथ को भांगड़ा करते और पंजाबी ढोल की बीट्स पर मस्ती करते देखना प्रेरणादायक है। यह रील सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई। फैंस ने कमेंट सेक्शन में अपनी खुशी जाहिर की। एक फैन ने लिखा, पंजाबी सच आ गए ओए, तो दूसरे ने कहा, अब बस एक शानदार फिल्म साथ में कर लो। वहीं एक यूजर ने लिखा, ये तो बिल्कुल अप्रत्याशित था।

# 33 साल बड़े एक्टर के साथ काम करने पर ट्रोल...



**मुंबई।** साउथ की फिल्म 'हृदयपूर्वम' में पहली बार मालविका मोहनन और मोहनलाल एक साथ काम कर रहे हैं। यूजर मोहनलाल को इस बात के लिए ट्रोल कर रहे हैं कि वह अपने से 33 साल छोटी एक्ट्रेस के साथ अभिनय करते हैं। इस पर मालविका मोहनन ने जवाब दिया है। मोहनलाल 64 साल के हैं, जबकि मालविका 31 साल की हैं। 18 मार्च को, उन्होंने मोहनलाल और फिल्म के कलाकारों के साथ तस्वीरें शेयर की थीं। एक यूजर ने कमेंट किया कि 65 साल का एक आदमी 30 साल की लड़की के साथ प्यार का खेल खेलता है। आखिर इन दिग्गज अभिनेताओं को ऐसी भूमिकाएं निभाने की क्या चाहत है जो उनकी उम्र के हिसाब से नहीं हैं? इस पर जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि तुम्हें किसने बताया कि ये प्यार का मामला है? अपनी आधी-अधूरी धारणाओं के हिसाब से लोगों और फिल्म का मूल्यांकन करना बंद करें। एक लंबी पोस्ट में 'हृदयपूर्वम' की एक्ट्रेस ने लिखा कि मोहनलाल सर और सत्यन सर जैसे दिग्गजों से बहुत कुछ सीखा। उनसे मार्गदर्शन पाना सौभाग्य है। वह सिनेमाई जादू को जीवंत करते हैं। वह यह सब बहुत गरिमा, सम्मान और शालीनता के साथ करते हैं। कुछ सबसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम किया। सहायक निर्देशकों की सबसे प्यारी टीम को धन्यवाद, जिनके बिना यह फिल्म पूरी नहीं होती। मालविका मोहनन को आखिरी बार हिंदी फिल्म 'युध्रा' में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ अहम किरदार में देखा गया था। उन्होंने 2024 की तमिल फिल्म थंगलान में भी अभिनय किया।

# 7वें दिन भी 100 करोड़ की कमाई से चूकी 'सिकंदर'



*मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान 'टाइगर 3' के बाद साउथ के डायरेक्टर ए आर मुरुगादॉस की फिल्म 'सिकंदर' के जरिए स्क्रीन पर धमाकेदार एक्शन करते हुए नजर आए। फिल्म को ईद के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दर्शकों और फैंस को सलमान की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। रिलीज के बाद इसे दर्शकों और क्रिटिक्स की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। इससे लोगों को जितनी उम्मीदें थी फिल्म उतना खास कमाल नहीं दिखा पाई। जहां वर्ल्डवाइड फिल्म ने 100 करोड़ दो दिन में ही कमा लिए थे वहीं, 7वें दिन भी सलमान की ये फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का कलेक्शन करने से चूक गई है। रिपोर्ट की मानें तो 7वें दिन 'सिकंदर' ने 3.75 करोड़ का कलेक्शन किया है। हालांकि, ये अभी शुरुआती आंकड़े हैं। ऑफिशियल आंकड़े आने के बाद इसमें बदलाव हो सकते हैं। 7वें दिन की कमाई के बाद फिल्म की टोटल कमाई 97.50 करोड़ हो चुकी है।*

## ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही इस मूवी ने लगभग 555 करोड़ का किया बिजनेस

# 2025 में अब तक 12 फिल्में रिलीज, 9 फ्लॉप 2 एवरेज और 1 ब्लॉकबस्टर

*मुंबई। साल 2025 का पहला क्वार्टर पूरा हो गया है और इन तीन महीनों में बॉलीवुड की कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सोनू सूद की 'फतेह' से लेकर सलमान खान की 'सिकंदर' तक शामिल है। हालांकि, इस बार लोगों ने बहुत ही कम फिल्मों को पसंद किया। ऐसे में कुछ मूवीज बॉक्स ऑफिस पर पस्त हो गई, तो कुछ ने ठीक-ठाक कलेक्शन किया। चलिए आपको बताते हैं, 2025 के पहले क्वार्टर में रिलीज हुई फिल्मों की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट के बारे में।*

**फतेह :** सोनू सूद, जैकलीन, शिव ज्योति राजपूत और नसीरुद्दीन शाह स्टारर फिल्म 'फतेह' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस मूवी का निर्देशन खुद सोनू ने ही किया था। ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई और रिपोर्ट के अनुसार, यह डिजास्टर साबित हुई। फिल्म ने सिर्फ 12.50 करोड़ का बिजनेस किया था।

**इमरजेंसी :** 'इमरजेंसी' फिल्म में कंगना रनौत, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। इस मूवी का निर्देशन और निर्माण कंगना ने ही किया था। फिल्म में उन्होंने इंदिरा गांधी का रोल प्ले किया। एक्ट्रेस को अपनी इस मूवी से काफी उम्मीदें थी, लेकिन यह मूवी भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। रिपोर्ट के अनुसार, मूवी ने सिर्फ 14 करोड़ का बिजनेस किया और यह भी डिजास्टर साबित हुई।

**आजाद :** अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म 'आजाद' भी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस मूवी की बॉक्स ऑफिस पर कंगना 'इमरजेंसी' से टक्कर हुई। फिल्म में अजय देवगन, रवीना टंडन की बेटी राशा और अजय के भांजे अमान थे। ये राशा और अमान की डेब्यू मूवी थी, लेकिन लोगों ने इसे कुछ खास पसंद नहीं किया। फिल्म ने सिर्फ 6.50 करोड़ का लाइफटाइम बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया और यह डिजास्टर साबित हुई। हालांकि, मूवी में राशा के अभिनय को काफी पसंद किया गया था।

**स्काई फोर्स :** 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्काई फोर्स' में एक्टर अक्षय कुमार, निमरत कौर, वीर पहाड़िया समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। ये मूवी वीर की डेब्यू फिल्म थी, जो एक एक्शन-ड्रामा फिल्म थी। इसकी कहानी 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के हमले पर आधारित थी, जो भारत की पहली एयर स्ट्राइक थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह मूवी बॉक्स ऑफिस पर एवरेज साबित हुई और इसने लगभग 109 करोड़ का बिजनेस किया।



**देवा :** शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, कुब्रा सैत और प्रवेश राणा स्टारर फिल्म 'देवा' 31 जनवरी को रिलीज हुई थी। ये फुल ऑन एक्शन मूवी थी, जिसमें एक्टर का जबरदस्त अंदाज देखने को मिला था। हालांकि, दर्शकों को मूवी कुछ खास पसंद नहीं आई और यह फ्लॉप हो गई। रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 32 करोड़ का लाइफ टाइम कलेक्शन किया।

**लवयापा :** 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई मूवी 'लवयापा' में जुनैद खान, खुशी कपूर, आशुतोष राणा और कीकू शारदा समेत कई स्टार्स नजर आए थे। ये मूवी जेन-जी की कहानी दिखाती है और यह खुशी-जुनैद दोनों की बड़े पर्दे पर डेब्यू मूवी थी। वहीं, 'लवयापा' के कलेक्शन की बात करें, तो फिल्म ने कुछ खास कमाल नहीं दिखाया और यह भी फ्लॉप साबित हुई। मूवी ने सिर्फ 8.25 करोड़ का लाइफटाइम बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया।

**छावा :** 14 फरवरी को विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'छावा' रिलीज हुई। साल 2025 के पहले क्वार्टर की ये एकलौती मूवी है, जो कमाई के मामले में ब्लॉकबस्टर साबित हुई। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया था। इसमें स्टार्स की एक्टिंग से लेकर फिल्म की कहानी तक को लोगों ने काफी पसंद किया। ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही इस मूवी ने लगभग 555 करोड़ का बिजनेस किया।

**मेरे हसबैंड की बीवी :** अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह, हर्ष गुजराल, डीनो मोरिया और कंवलजीत सिंह स्टारर फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी इस रोम-कॉम मूवी ने 7.50 करोड़ का कलेक्शन किया और अर्जुन की यह मूवी भी डिजास्टर साबित हुई।

**क्रेजी :** सोहम शाह, निमिषा सजयन, टीनू आनंद, शल्पिा शुक्ला, उन्नति खुराना स्टारर ये फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी तो अच्छी थी, लेकिन लोगों को यह पसंद नहीं आई और फ्लॉप हो गई। गिरीश कोहली के निर्देशन में बनी इस मूवी ने सिर्फ 12 करोड़ का बिजनेस किया था।

## खबर संक्षेप

### कुलीपोटा हनुमान मंदिर में राम नाम हरि संकीर्तन शुरु

**जांजगीर-चांपा।** सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर (श्रीराम धाम) कुलीपोटा में अखण्ड रामनाम हरि



सकीर्तन सप्ताह का शुभारंभ सोमवार 7 अप्रैल को हुआ। 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। वहीं कार्यक्रम का समापन 14 अप्रैल को तथा सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोज एवं प्रसाद वितरण का आयोजन 15 अप्रैल को किया गया है। गौरतलब है कि सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर (श्रीराम धाम) कुलीपोटा में सात दिवसीय अखण्ड राम संकीर्तन का शुभारंभ 7 अप्रैल को हुआ। संकीर्तन कार्यक्रम में जिलों एवं गांवों की कीर्तन मंडलियों के अलावा बाहर की कीर्तन पार्टियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान कीर्तन मंडली आधुनिक वेशभूषा एवं वाद्य यंत्रों के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे। अखंड राम नाम सप्ताह में उपस्थित कीर्तन मंडलियों को आयोजन समिति द्वारा गायन, योग्यता, वेशभूषा एवं प्रस्तुतिकरण के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। श्रीराम धाम के सेवादार आयोजक खेमुका परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भक्तों से उपस्थित होने की अपील की है।

### सीजीपीएफ में जमा राशि से आहरण सुविधा की मांग

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, सचिव वित्त विभाग छ ग शासन, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर सीजीपीएफ में जमा राशि से पार्ट फाइनल व एडवांश आहरण की सुविधा देने की मांग की है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी,जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह,जिला सचिव डॉ . बोधीराम साहू,जिला संयोजक विजय प्रधान ने कहा है कि एलबी संवर्ग के शिक्षकों का छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि (सीजीपीएफ) मे कटौती होता है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 12 प्रतिशत से अधिक कटौती शिक्षकों द्वारा कराया जा रहा हैं। एल बी संवर्ग के शिक्षकों को अपने पुत्र / पुत्री के पढ़ाई, सामाजिक /धार्मिक संस्कार, गृह निर्माण, इलाज कराने आदि के लिए राशि कि आवश्यकता पड़ती है, अतः एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिये सीजीपीएफ में जमा राशि से अस्थायी अग्रिम व आंशिक अंतिम विकर्षण ( पार्टफाइनल) आहरण हेतु शीघ्र निर्देश जारी किया जावे।

### अखिल भारतीय कांग्रेस के दो दिवसीय बैठक में भाग लेंगे पूर्व विधायक देवांगन

**चांपा।** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, हाथकरघा संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और



एआईसीसी मेम्बर मोतीलाल देवांगन अखिल भारतीय कांग्रेस के द्वारा 8 अप्रेल को विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की और 9 अप्रेल को एआईसीसी मेम्बर की बैठक कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम साबरमती के तट पर आश्रम रोड अहमदाबाद गुजरात में होगी। इन दोनों बैठकों की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा की जाएगी। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने श्री देवांगन 7 अप्रैल को अहमदाबाद पहुंचे।

### महिला संरक्षण अधिकारी संविदा भर्ती हेतु आवेदन 30 तक आमंत्रित

**सक्ती।** नवा बिहान योजना अंतर्गत सक्ती जिले में महिला संरक्षण अधिकारी के एक संविदा पद के लिए केवल महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम 30 अप्रैल को शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला सक्ती (जेठा लवसरा रोड रीपा सेंटर) के पते पर भेज सकते है। आवेदन का प्रारूप व आवश्यक शैक्षणिक योग्यता आदि जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। योग्यता, कौशल और अनुभव की पात्रता महिला संरक्षण अधिकारी पद के लिए अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता विधि स्नातक या एमएसडब्ल्यू है, वहीं अनिवार्य कौशल योग्यता में कम्प्यूटर पर एमएस ऑफिस और वेब आधारित अन्य सॉफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। इसी प्रकार अनिवार्य न्यूनतम अनुभव में विधि स्नातक को न्यूनतम 5 वर्ष तक बार में पंजीकृत होकर नियमित प्रेक्टिस का अनुभव होना चाहिए। वांछनीय योग्यता में अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में जाकर की सफाई



**बाराद्वार।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिरों में जाकर सफाई की गयी एवं वरिष्ठो के यहां झंडा लगाया गया। अटल चौक की सफाई करके माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर रमेश सिंघानिया, गोपाल शर्मा, जगेश राय, मोहन तोदी, गेंदराम मनहर, नारायण कुर्रे, धर्मेंद्र शर्मा, धीरेंद्र खूंटे, अमित कलानोरिया, अजय सिंह राजपूत, जितेश शर्मा, अमित बरेठ, भरत कर्ष, अनिल यादव, सुभाष अग्रवाल, आयुष शर्मा, नेत्रा साहू, राहुल शर्मा, कमल किशोर राठौर, पुष्पेंद्र चंद्रा, जयकिशन बंजारे, अरुण शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता शिविर

# मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को सभी अधिकार दिलाना प्राधिकरण का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत के आदेशानुसार सोमवार 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर एवं स्वास्थ्य विभाग जांजगीर के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत पेंड्रीं निशुल्क स्वास्थ्य व विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक प्राधिकरण जांजगीर के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने उपस्थित लोगों को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने के उद्देश्य लोगों को दी जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं , बच्चों को नशे एवं अपराधों से दूर रहने की संबंध में जानकारी दी। उन्होंने नालसा (मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को विधि द्वारा प्रदर्शित सभी अधिकारों को उपलब्ध करने में समुचित विधिक सहायता प्रदान करना है ताकि उनके साथ समाज के अन्य व्यक्ति जैसा ही व्यवहार किया जा सके वह सभी उपस्थित लोगों को ऐसे व्यक्ति के साथ अच्छा व्यवहार करने को कहा गया। साथ ही गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी लिंग चयन प्रतिशत अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए विधिक सेवा अधिनियम 1987 के गठन व उद्देश्य, नालसा की योजनाओं, निशुल्क विधिक सहायता की पात्रता, लीगल एट डिफेंस काउंसिल, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दिया गया। डॉ. आशा कोसले स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य विभाग की समस्या योजनाओं, महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार की बीमारी, पीरियड्स के दौरान आने वाली समस्याएं, महिलाओं को अपने शरीर पर ध्यान देने वाली आवश्यक बातों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। डॉ. राजेंद्र कुमार साहू द्वारा लोगों को वर्तमान की दृष्टिकोण में सबसे ज्यादा होने वाली समस्याओं में शुगर बीपी व अन्य बीमारियों से बचने के संबंध में जानकारी देते हुए अपने आसपास साफ सफाई रखने एवं योग करने के संबंध में जानकारी दिया गया। डॉ आलोक दुबे नेत्र विशेषज्ञ द्वारा सभी लोगों को आंखों में होने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी लोगों व बच्चों को मोबाइल व टीवी से दूर रखने व बच्चों पर विशेष कर ध्यान देने वह आंख की जांच इसे सहयोग से करने के संबंध में जानकारी दिया गया। लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल पैरालीगल वॉलिंटियर द्वारा उपस्थित लोगों को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने के उद्देश्य व नालसा की योजनाओं की जानकारी देते हुए मंच संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में जयराम गढ़ेवाल पैरालीगल वालंटियर, श्रीमती उषा कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत पेडरी , कमल प्रसाद कुर्रे स्टाफ नर्स, रेखा राठौड़ एएनएम, प्रीति पटेल फार्मासिस्ट, के. डी. साहू एम एल टी, मनोज यादव वार्ड बॉय एवं अन्य समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें साथ ही निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया गया।




लोगों को जानकारी देते न्यायाधीश एवं स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।



कम हुआ तालाब का जल स्तर।

## गिरते भू-जल स्तर से गांवों में गहराने लगा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत आने वाले गांव गोधना, कुकदा, कुरियारी सहित दर्जनभर गांव इन दिनों गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। गांवों के प्रमुख तालाबों में पानी का स्तर घटकर केवल 2 से 3 फीट तक रह गया है। इस गिरते जल स्तर ने ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

- तालाबों में पानी सिर्फ 2 से 3 फीट, निस्तारी की हो रही समस्या

गौरतलब है कि तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही क्षेत्र का वाटर लेबल नीचे जाने लगा है। वर्तमान में तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। लगातार पड़ रही गर्मी के चलते गोधना, कुकदा, कुरियारी सहित दर्जनभर गांव के तालाब अब सूखने लगे है। कई तालाबों में सिर्फ 3 से 4 फिट ही पानी बचा है। ऐसे में अभी से ही निस्तारी की समस्या होने लगी है। गांव के तालाब जहां पहले पीने, सिंचाई और पशुओं के लिए प्रमुख जल स्त्रोत थे, अब लगभग सूखने की कगार पर हैं। ग्रामीण लगातार प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कुकदा गांव के शिव रत्नाकर ने कहा कि तालाबों में पानी नहीं के बराबर है। प्रशासन तक कई बार शिकायत पहुंचाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। रघुनंदन कश्यप ने बताया कि ग्राम कुरियारी में पशुओं को पानी पिलाना मुश्किल हो गया है, महिलाएं दूर-दूर से पानी ला रही हैं। अगर अब भी कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और बिगड़ेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि तालाबों की गहराई बढ़ाकर वर्षा जल संचयन की स्थायी व्यवस्था की जाए। साथ ही, जल संकट से निपटने के लिए बोरवेल और अन्य वैकल्पिक जल स्त्रोतों तैयार किया जाए। प्रशासन की इस उदासीनता के चलते गांवों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आने वाले गर्मी के महीनों में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

## आमजन की समस्याओं का किया जाएगा निराकरण, आज से लिए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नेसुशासन तिहार आयोजन का ऐलान किया है। इसके तहत शासन प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान करना है।

'सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आमजनता से आवेदन लिया जाएगा। आमजनता से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम मंच बनेगा, जिससे विकास कार्यों में गति और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकेगा। सुशासन तिहार का पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इनका समाधान सुनिश्चित करना होगा। आवेदन के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा राज्य और जिला स्तर पर की जाएगी। तीन चरणों में होगा सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए है एवं एक पोर्टल बनाया जा रहा है।

## दृष्टि बदलती है तो संतोष एवं समता के भाव होते हैं जागृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 समता सागर महराज एवं पवित्र

- मुनि समता सागर, पवित्र सागर का ससंघ हुआ नगर आगमन

सागर महराज, ऐलक निश्चय सागर महाराज, निजानंद सागर महाराज एवं छुल्लक संयम सागर महराज का ससंघ नगर में सोमवार 7 अप्रैल को सुबह 8 बजे ग्राम रसेड़ा, दर्रीटांड़, कल्याणपुर, लटिया, अंधियारी पाठ होते हुए आगमन हुआ।

नगर के अंबेडकर चौक से मुनि संघ को गाजे बाजे के साथ आजाद चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग, शास्त्री चौक, बजरंग चौक होते हुए जैन मंदिर तक ले जाया गया। जैन मंदिर में मुनि संघ द्वारा भगवान आदिनाथ एवं अन्य प्रतिमाओं का दर्शन किया गया। जैन मंदिर में भगवान का जलाभिषेक एवं शांति धारा की गई। धर्म सभा को संबोधित करते हुए समता सागर महाराज ने कहा कि संसार में आज जिधर देखो उधर आदमी दुखी, परेशान तनाव ग्रस्त एवं चिंताओं से घिरा हुआ है। सबको सुख और शांति चाहिए सुख की प्राप्ति के लिए मानव क्या-क्या नहीं करता है और कहां-कहां नहीं भटकता है परंतु सच्चाई यह है कि फिर भी सच्चा सुख एवं आत्मिक शांति नहीं मिलती। हमने कभी सोचा है कि सुख क्या है हम जहां सुख की तलाश कर रहे हैं अथवा जिन वस्तुओं को एवं साधनों में सुख मार रहे हैं क्या यह सच्चा सुख है? ध्यान रखना सुख बाहर नहीं है यह तो हमारे अंदर ही है, जब हमारी दृष्टि बदलती है संतोष एवं समता के भाव जागृत होते हैं। अंतर की गहराई में हम उतरते हैं तभी असीम शांति एवं परम सुख प्राप्त होता है। यह सुख प्रत्येक व्यक्ति के अंदर भरा हुआ है लेकिन अपनी अज्ञानता के कारण हम भटकते रहते हैं। जहां इच्छाएं कामनाएं आकुलता है वहां कभी सुख नहीं मिल सकता। कार्यक्रम में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जैन समाज द्वारा जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर की जन्म जयंती 10 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, उपाध्यक्ष श्रीजीत जैन एवं सचिन रूपेश जैन ने बताया कि मुनि संघ के मंगल सानिध्य में 8 अप्रैल को भक्तांबर विधान, 9 अप्रैल को श्री कल्याण मंदिर विधान एवं 10 अप्रैल को भगवान महावीर की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।



नगर पहुंचे जैन मुनि।

## नक्सली हमले में शहीद दीपक भारद्वाज को दी गई श्रद्धांजलि

**सक्ती।** नक्सली हमले में शहीद दीपक भारद्वाज को चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर भर श्रद्धांजलि दीगई। मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पिहरिद के शहीद सब इंस्पेक्टर पुलिस दीपक भारद्वाज ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के बीजापुर जिले में 3 अप्रैल 2021 को नक्सलियों के साथ सीधा मुठभेड़ के दौरान अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने साथी जवानों की जान बचाते हुए वीरगति हो गए। इस मुठभेड़ में 22 जवान शहीद हो गए थे।

शनिवार 5 अप्रैल को शहीद के चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम पिहरीद स्थित उनके निवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, कमल किशोर पटेल, जनपद पंचायत मालखरौदा अध्यक्ष कवि वर्मा, रितेश साहू, जगदीश साहू, घनश्याम भारद्वाज, मालखरौदा के थाना प्रभारी श्रीमती शतरूपा, तारम गबेल लालू गबेल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शक्ति के प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, विजय बहादुर सिंह,खगेश कुमार पटेल, विकास चौबे,लकेश्वर श्याम रमेश देवांगन श्याम सुंदर तिवारी पंचायत सचिव संघ के वेद राम साहू ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। लालू गबेल ने कहा की जनपद के पूर्व कार्यकाल में शहिद दीपक भारद्वाज के श्रद्धांजलि कार्यक्रम मनाने का जनपद से प्रस्ताव हो चुका है मगर उसके बाद भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन आज पर्यंत नहीं हुआ। इस कार्यक्रम को शहिद के माता-पिता ही आयोजन करते हैं जो संकोच की बात है। जनपद पंचायत मालखरौदा के अध्यक्ष कवि वर्मा ने कहा कि मुझे इन बातों का जानकारी नहीं था आगामी समय में मिल बैठकर चर्चा करते हुए शाहिद के श्रद्धांजलि कार्यक्रम जनपद मालखरौदा के तत्वाधान में किया जाएगा। शहीद के पिता राधेलाल भारद्वाज ने बताया की क्षेत्र के सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने शाहिद के प्रतिमा अनावरण के लिए मुख्यमंत्री के पास ले जाकर चर्चा करने का आश्वासन दिए हैं।




शहीद दीपक भारद्वाज को श्रद्धा सुमन अर्पित करते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

## पार्षदों ने किया छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष सिंह का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौरभ सिंह के नगर आगमन पर डीएल मल्टी फ्लेक्स के पास वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश केडिया के नेतृत्व में पार्षद सुनीता प्रसाद, सुनीता सिंह ,माधुरी पालीवाल ,दिनेश दास,पुरुषोत्तम नामदेव, सुरेश मिर्चन्य,पिंटू बरेठ कमलेश वैष्णव सहित शांति भारते, शारदा मौर्य, सत्यभामा वैष्णव, आशीष प्रसाद, विपुल केडिया, सुनील सिंह, रमेश पालीवाल, रमेश मौर्य, आयुष शर्मा के द्वारा स्वागत किया गया। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन के पास नगर मंडल अध्यक्ष कमल केडिया एवं रमेश पालीवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा सौरभ सिंह को गजराज माला पहनकर स्वागत किया गया।



पूर्व विधायक सौरभ सिंह का स्वागत करते पार्षदगण।

भजन संध्या 'आशीर्वाद' का आयोजन, भक्ति रस में हुए सराबोर

## श्याम बाबा का आकर्षक श्रृंगार, भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर के श्याम कुटीर (जिंदल प्लाजा के पीछे) में श्याम भजन संध्या 'आशीर्वाद' का भव्य आयोजन किया गया। इस दिव्य क्षण में नगरवासियों भक्तिरस में सराबोर हो गए। इस आयोजन में महाराज मानवेंद्र सिंह चौहान मंत्री श्री श्याम मंदिर कमेटी, खाटू श्याम का पावन सानिध्य भी प्राप्त हुआ।

श्याम प्रेमी मानस अग्रवाल ने बताया कि श्याम कुटीर में 'आशीर्वाद' भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उमड़ पड़े। उन्होंने बताया कि भक्ति और आस्था के महापर्व में भजन संध्या के दौरान मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत से बाबा श्याम का अभिषेक कर विशेष पोशाक पहनाया गया। बाबा का फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की गई, जिसमें श्याम भक्तों ने 51 दीपकों से बाबा श्याम की आरती उतारी। इसके बाद बाबा के दरबार के समक्ष अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। गणेश वंदना से भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। भजन गायकों के सुमधुर भजनों से श्रद्धालु भजनों पर ताली बजाते हुए झूम उठे। श्याम प्रेमी खड़े होकर भजनों पर जमकर भक्ति नृत्य करने लगे। बाबा का खीर, चूरमे, पंचमेवा आदि का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। बाबा के दरबार में शीश नवाकर श्रद्धालुओं ने उनकी कृपा प्राप्त की। इस दौरान सैकड़ों श्याम प्रेमी मौजूद थे। श्याम भजन संध्या में भक्तिरस की स्वर लहरियां गूंजी। भक्तों के हृदय को श्याम रस में सराबोर करने के लिए प्रख्यात भजन सम्राट सक्ती नगर पधारे। राज पारिक, मोनू सुल्तानिया, लव अग्रवाल, राज गुरु कोलकाता और आयुष सोमानी जयपुर ने अपने सुमधुर भजनों से बाबा श्याम को रिझा और भक्तों को भक्ति सागर में डूबो दिया।

**भक्तों ने किए खाटू धाम के दिव्य स्वरूप के दर्शन-** आयोजकों द्वारा बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार और दरबार खाटू धाम की प्रतिपूर्ति की गई। कोलकाता, मुंबई, बैंगलोर, पुणे और थाईलैंड से विशेष श्रृंगार सामग्री मंगवाई गई। बाबा का भव्य दरबार कोलकाता से आई 20 सदस्यीय टीम द्वारा अलौकिक स्वरूप में सजाया गया।



श्याम भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायक।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411